# न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, धौलपुर

पीठासीन अधिकारी :— हरि राम मीना, आर.ए.एस.

अपील संख्याः— 63/2025 (75 एल.आर.एक्ट.)

उनवान

1. विजेन्द्र सिंह पुत्र श्री विक्रम सिंह जाति ठाकुर निवासी बरेहमोरी तहसील व जिला धौलपुर (राज.)
2. उदयभान सिंह पुत्र श्री विक्रम सिंह जाति ठाकुर निवासी बरेहमोरी तहसील व जिला धौलपुर (राज.)
3. शिवशंकर पुत्र श्री विक्रम सिंह जाति ठाकुर निवासी बरेहमोरी तहसील व जिला धौलपुर (राज.)

..........................**अपीलार्थीगण**

बनाम

4. सरकार जरिए तहसीलदार तहसील धौलपुर।

..........................**रेस्पोडेन्ट**

उपस्थितः—

1. श्री जय सिंह परमार अभिभाषक अपीलार्थी।
2. राजकीय पेरोकार रेस्पोडेन्ट की ओर से।

::: निर्णय :::

दिनांकः—30.07.2025

अतिरिक्त जिला कलक्टर न्यायालय धौलपुर (राज0) सत्यमेव जयते

यह अपील न्यायालय तहसीलदार धौलपुर के मुकदमा नं0 212/2024 उनवानी सरकार बनाम विजेन्द्र वगैरा निर्णय दिनांक 10.01.2025 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है।

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि हल्का पटवारी पटवार हल्का बरेहमोरी द्वारा तहसीलदार धौलपुर को इस आशय की रिपोर्ट पेश की गई कि विजेन्द्र,उदयभान,रामविलास,शिवशंकर पुत्रगण विक्रम सिंह जाति ठाकुर सा.बरेहमोरी द्वारा राजस्व ग्राम बरेहमोरी में संवत् 2081 खसरा नं0 250 रकवा 1 बीघा 07 विस्वा किस्म गै.मु.पोखर रकवा 1 बीघा 07 विस्वा जिन्स सरसों पर नाजायज कब्जा कर पश्चातवर्ती अनाधिकृत कब्जा काश्त किया है, कानूनी कार्यवाही की जावें । न्यायालय तहसीलदार नें गैरसायल के विरूद्ध एल.आर.एक्ट 1956 की धारा 91 में मु0नं0 212/2024 उनवान सरकार बनाम विजेन्द्र वगैरा दर्ज किया जाकर, वर्णित धारा 91(2) के तहत 60 दिवस के सिविल कारावास एवं लगान 5.55 का पचास गुना 278 रूपये शास्ति के दण्डित किया जाकर बेदखली के आदेश पारित किए गए । इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है ।

अपील में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार धौलपुर ने अपने निर्णय दिनांक 10.01.2025 द्वारा अपीलान्ट को अतिक्रमी बताकर एक पक्षीय रूप से अपीलांट को बिना सुनवाई का अवसर दिये अपीलांट को 60 दिवस का सिविल कारावास एवं 278 रूपये शास्ति से दण्डित किया है ।

Scanned with OKEN Scanner

